
GEM
Girl Empowerment Mission

# सपनों की उड़ान



TINKLE

Script: Paroma Bose
Pencils & Inks: Sanjhiya Mayekar
Colours: Snehangshu Mazumdar
Letters & Design: Satyawan Rane & Pranay Bendre
Cover Design: Sanjhiya Mayekar & Satyawan Rane
Editorial: Gayathri Chandrasekaran & Devika Soni

With editorial guidance from the Corporate Communication Department, NTPC Ltd.
November 2024

एनटीपीसी
NTPC


GEM
Girl Empowerment Mission
*Giving Wings To Their Dreams*

# सपनों की उड़ान



एक सुबह सीतापुर माध्यमिक विद्यालय में...
पहला स्पेस मिशन 1957 में लॉन्च किया गया था। यह था उपग्रह स्पूतनिक-1।
SPUTNIK-1
तब से अब तक, बहुत से लोग अंतरिक्ष में जा चुके हैं। इनमें से प्रमुख नामों में कल्पना चावला भी हैं।
वे भारत के करनाल में जन्मी थीं। 1997 में वे स्पेस शटल कोलम्बिया के साथ अंतरिक्ष में गईं।
उनकी टीम ने अंतरिक्ष में कई तरह के प्रयोग किए।
वाह! काश मैं भी बड़ी होकर कल्पना चावला जैसी बन सकूँ।


उस दिन बाद में...
अंतरिक्ष में होने का सबसे रोमांचक पहलू क्या है?
हालांकि पहले मैं थोड़ा डरी हुई थी, पर अंतरिक्ष में जाना एक बड़ा ही रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव था। मैं सबको अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित करूँगी।
मैं चाहती हूँ कि सभी यह अनुभव ले पाएँ।
कल्पना चावला ने कितना कुछ किया और वो कितना अच्छा बोलती थीं! मैं चाहती हूँ कि मैं उनकी तरह बनूँ।
तुम्हें क्यों लगता है कि तुम ऐसा नहीं कर सकतीं, बिन्नी?
क्योंकि मैं इतनी बुद्धिमान नहीं हूँ। इसके अलावा मैं भीड़ के सामने बोलते समय घबरा जाती हूँ।
जब मुझे पता होता है कि क्या बोलना है तब भी मैं स्टेज पर गड़बड़ कर देती हूँ।
मुझे तो लगता है कि तुम बहुत बुद्धिमान हो और मुझे पक्का भरोसा है कि एक दिन तुम अपने डर को दूर कर दोगी।


अगले दिन...
ये वो होमवर्क है जो तुम लोगों को गर्मी की छुट्टियों में करना है। लेकिन एक बात और है।
HOMEWORK-
हमारा स्कूल एक अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाला है। यह प्रतियोगिता गर्मी की छुट्टियों के बाद होगी।
मेरे पास उन बच्चों की सूची है जिन्हें इसके लिए चुना गया है। देखते हैं कौन-कौन है...
जयेश, सरला, सुशान्त, फ़रहीन, अमन और... बिन्नी।
मैं?!
तुम छः लोगों को अब से स्कूल के बाद अभ्यास करना होगा।
क्या मैं उन्हें बता दूँ कि मैं यह नहीं कर पाऊँगी?


शीघ्र ही...
सरला, फ़रहीन, मुझे डर लग रहा है।
हाँ, सही है। तुम कर लोगी।
तुम अच्छा करोगी, बिन्नी।
तुम्हारा विषय है, 'नेतृत्व करने वाले पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते'। लड़के इसके पक्ष में बोलेंगे और लड़कियाँ विपक्ष में।
अच्छे नेता अच्छे शिक्षकों द्वारा बनाये जाते हैं?
ये बहुत अच्छा बिन्दु है! फ़रहीन इसको लिख लो।
शीघ्र ही...
अक्सर बच्चों को नेतृत्व के गुर सिखाने से काफ़ी पहले ही उनमें नेतृत्व के गुण दिख जाते हैं।
जयेश बहुत अच्छा बोल रहा है| मैं इसके जैसा कैसे बोलूँगी?
बहुत अच्छे! बिन्नी, अब तुम्हारी बारी है। जयेश के विरुद्ध बोलो।
ह-हाँ मैम


पहला बिन्दु यह कि अच्छे शिक्षक नेता बनाते हैं।
अँ...अ... नेता... क्योंकि शिक्षक होते हैं... अ...
द... दूसरा बिन्दु है... अ नेता... अँ..
DEBATE-
LEADERS ARE BORN, NOT MADE.
ठीक है, बिन्नी। तैयारी के लिए कुछ और समय ले लो। अभ्यास इसीलिए होता है।
ठीक है, बिन्नी। तुम्हें बस थोड़ा अभ्यास करना होगा।
मुझे नहीं पता, सरला। मुझे लगता है मैं ये नहीं कर पाऊँगी।


बाद में...
हाहाहा!
"न-नेता हैं क्योंकि श-शिक्षक..."
अरे! तुम लड़के क्या कर रहे हो?
क-क-क्यों फ़रहीन? तुम्हें कुछ परेशानी है?
क्या आपको लगता है कि यह मज़ाक है? ऐसा नहीं है।
नहीं, ये हँसने की बात नहीं है। ये तो दु:ख की बात है।
हाँ, दु:ख की बात है कि तुम लड़कियाँ स्मार्ट नहीं हो।
स्पष्टतः आपके पास बोलने के लिए कोई बिन्दु नहीं है।
लड़कों, हमको लड़कियों को सिखाना चाहिए। इन्हें मदद की ज़रूरत है।
हाहाहा!


पहला पाठ है, हकलाओ मत!
बहुत हुआ!
तुम-
अरे तुम यहाँ हो! बिन्नी, सरला और फ़रहीन...
...तुम्हें अभी प्रिंसिपल के कार्यालय में बुलाया गया है।
उम्म, ठीक है मैम।
तुम्हें क्या लगता है, प्रतियोगिता के लिए बुलाया होगा?
हो सकता है।
शीघ्र ही...
क्या मुझे टीम से निकाल दिया जाएगा?
शश! अन्दर कोई बात कर रहा है।


जेम का पूरा नाम है "गर्ल एम्पावरमेंट मिशन"। यह लड़कियों को आकांक्षाओं और कल्पनाओं से भर देने के लिए बनाया गया एक आवासीय कार्यक्रम है। इसमें बुनियादी शिक्षा, जीवन कौशल और पाठ्येतर गतिविधियाँ शामिल हैं। देश भर में एनटीपीसी कई स्थानों पर जेम कार्यशालाएँ आयोजित करता है। अब तक 10,000 से अधिक लड़कियाँ इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो चुकी हैं।
यह आशाजनक लगता है!
जी हाँ! एनटीपीसी की ये पहल आपके स्कूल की लड़कियों की भी बहुत मदद करेगी।
बिन्नी, सरला, फ़रहीन, अन्दर आओ।
ये हैं सुश्री प्रिया। ये एनटीपीसी लिमिटेड से आई हैं। एनटीपीसी भारत का सबसे बडी बिजली उत्पादक कंपनी है। देश में हर चौथा बल्ब इनके द्वारा उत्पादित बिजली से जलता है। इनके पावर प्लांट पूरे देश में हैं।
हेलो, प्रतिभाशाली लड़कियों!
मेरे पास आपके लिए बहुत अच्छा अवसर है।
हमारे लिए?!




तुम्हारे उच्च अंकों की वजह से तुम्हें जेम में भाग लेने के लिए चुना गया है।
बालिका सशक्तिकरण अभियान चार सप्ताह का कार्यक्रम है जो आपकी गर्मी की छुट्टियों के दौरान होगा।
तुम्हें एनटीपीसी में रहने, नए दोस्त बनाने और साथ मिलकर नए हुनर सीखने का मौका मिलेगा।
तुम अपनी उम्र की और लड़कियों के साथ रहोगी, पढ़ोगी और अन्य गतिविधियों में भाग लोगी।
वाह!
कक्षा छः से तुम तीनों के अलावा, एनटीपीसी ने आसपास के स्कूलों और आसपास के गाँवों के स्कूलों से और भी लड़कियों को चुना है। तुम सब साथ मिलकर नई चीज़ें सीखोगी।
ये अभी नहीं तो कभी नहीं वाला अवसर है। तो अपना सामान बाँधो और तैयार हो जाओ।
धन्यवाद मैडम!



बाद में...
ये तो बहुत बड़ा अवसर है!
हाँ, सच में!
लेकिन हमें चार सप्ताह तक घर से दूर रहना पड़ेगा!
मैं तो पहले कभी गाँव से बाहर भी नहीं गई।
कल्पना करो। हम सब एक नई ही दुनिया में रहेंगे!
अपने माता-पिता के बिना!
चलो, कल मिलेंगे।
बाय!
क्या मैं ये कर भी पाऊँगी?
क्या बात है, बिन्नी? तुम परेशान लग रही हो।


और फिर...
मुझे चार सप्ताह तक घर से दूर रहना होगा!
क्या तुम इसलिए परेशान हो?
हाँ। मैं कभी गाँव से बाहर भी नहीं गई।
यही तुम्हारे लिए सही मौका है, बिन्नी!
तुम्हारी माँ ठीक कह रही हैं। उन सब नई चीज़ों के बारे में सोचो जो तुम वहाँ सीखोगी।
और उन नए लोगों के बारे में भी, जिनसे तुम मिलोगी!
क्या तुम्हें लगता है अगर कल्पना चावला को घर से बाहर जाने में डर लगता तो वो अंतरिक्ष में जाती?
आपने सही कहा पापा, मैं कर सकती हूँ!
ये हुई ना बात!


कुछ दिनों बाद...
एनटीपीसी बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024
जेम में आपका स्वागत है! मुझे उम्मीद है कि अगले चार सप्ताह तक आप सब यहाँ अच्छा समय बिताएँगी।
ठीक है, हम परिचय देने से शुरू करते हैं। तुम्हारा नाम क्या है और तुम क्या करना पसंद करती हो?
ओह!
मैं बिन्नी हूँ मुझे अ-पसंद है...मैं...
क्या बात है बिन्नी? तुम लोगों के सामने बोलने में डरती क्यों हो?
अरे... मुझे डर है कि लोग मुझे जज करेंगे।
जब तुम्हें डर लगे, तो दो-चार गहरी साँसें लो, ध्यान केन्द्रित करो और अपने नकारात्मक विचारों को छोड़ दो।
धन्यवाद, मैडम।


फिर...
फ़रहीन, तुम ये कैसे कर पा रही हो?
अपने शरीर को संतुलित रखने पर ध्यान दो बिन्नी!
तुम अच्छा कर रही हो बिन्नी!
बाद में...
बहुत बढ़िया बनाया लड़कियों! बस इसे वास्तविक जैसा दिखाने के लिए परछांई बनाना मत भूलना।
समझ गई!
शीघ्र ही...
मुझे नहीं पता था कि फ़ुटबॉल में इतना आनन्द आता है!
मुझे भी!
उस रात...
आराम से सो जाओ लड़कियों! कल से तुम संचार कौशल सीखोगी।



अगले दिन...
इस चर्चा का विषय है – तुम्हारा आदर्श कौन है? आराम से बोलना और अपने श्रोताओं से आँख मिलाकर बात करना। यास्मिन, तुम शुरू करो।
मेरा आदर्श मेरी माँ हैं। वो एक स्थानीय समूह की संचालिका हैं और वे लोग घरेलू उपयोग का सामान बनाकर बेचते हैं।
ओह, उम्म, मैं कल्पना चावला को अपना आदर्श मानती हूँ। मुझे यह बड़ा आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है कि वे अंतरिक्ष में गईं और उन्हें इतना कुछ पता था।
मेरी प्रेरणास्रोत हरमनप्रीत कौर हैं। मैं उनकी तरह टीम का नेतृत्व करना और अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूँ।
उस दिन शाम को, एनटीपीसी ने उस माह अपना जन्मदिन मनाने वाले सभी बच्चों के लिए एक शानदार बर्थडे पार्टी का आयोजन किया!





उत्सव के बाद रात्रि भोज के समय...
वाह कितना स्वादिष्ट भोजन है| हम हर दिन कुछ नया खा रहे हैं!
सही है! और यह बहुत पौष्टिक भी है!
मुझे यहाँ की गतिविधियाँ बहुत पसन्द आईं!
हाँ! मुझे लगता है यहाँ की संचार कौशल की कक्षाएँ मेरे लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हो रही हैं।
सही बात है। आज तुम कक्षा में बहुत आत्मविश्वास के साथ बोली।
मुझे लगता है यहाँ रहना उस वाद-विवाद प्रतियोगिता में हमारी बहुत मदद करेगा।
हाँ हाँ!
दो सप्ताह बाकी हैं। शुभरात्रि!
शुभरात्रि!


अगली सुबह...
लड़कियों, अपनी परीक्षा की तैयारियों से ब्रेक ले लो। तुम्हारे माता-पिता तुमसे मिलने आए हैं।
वाह! ठीक है!
शीघ्र ही...
हम तुम्हें देखना चाहते थे। तुम्हें यहाँ कैसा लग रहा है?
हम यहाँ बहुत खुश हैं!
मुझे और अधिक आत्मविश्वास महसूस हो रहा है, माँ। मुझे लगता है मैं कल्पना चावला जैसी बन सकती हूँ!
यहाँ रहकर मुझे खेलों से लगाव हो गया है! मेरा मन है कि मैं फुटबॉल खिलाड़ी बनूँ।
मुझे यहाँ पेंटिंग करने में मज़ा आया। मैं कला के क्षेत्र में जाना चाहती हूँ।



जल्दी ही, समापन समारोह शुरू हुआ...
तालियाँ
इस शानदार नृत्य के लिए धन्यवाद! इसमें हमारे देश की सभी विशेषताएँ दिखाई दी। अब मैं हमारी मुख्य-अतिथि को पुरस्कार वितरण के लिए बुलाना चाहूँगी।
तालियाँ
तालियाँ
तालियाँ
फिर...
बधाई हो, लड़कियों! ऐसे अद्भुत और प्रतिभाशाली बच्चों के साथ स्टेज पर होना मेरे लिए गर्व का विषय है। क्या तुम हमारे साथ अपने अनुभव के बारे में कुछ कहना चाहोगी?
जी हाँ मैडम। धन्यवाद।
जेम में भाग लेने से पहले मैं डरती थी। मैं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात नहीं कह पाती थी। लेकिन अब मुझमें आत्मविश्वास आ गया है और मुझे लगता है कि मैं एक दिन अपना अंतरिक्ष यात्री बनने का सपना पूरा कर लूँगी।
यहाँ रहकर मैंने टीम के साथ खेलने का महत्व जाना है। मैं अपने स्कूल की फुटबॉल टीम का नेतृत्व करने के प्रति भी आश्वस्त हूँ।
मैं दुनिया को एक नए नज़रिए से देखने और अपनी रचनात्मकता को बढ़ाने में सफल रही। मैंने विभिन्न प्रकार की कला के साथ प्रयोग करना भी सीखा है। मैं इस अवसर के लिए एनटीपीसी की बहुत आभारी हूँ।
तालियाँ तालियाँ तालियाँ



कुछ दिनों बाद...
विद्यार्थियों, जिला स्तरीय वार्षिक अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में आप सबका स्वागत है। अंतिम दौर में पहुँच चुके प्रतियोगी मंच पर हैं।
A
B
शीघ्र ही...
वाद-विवाद का विषय है 'क्या बेहतर अधोसंरचना के लिए पेड़ काटना ज़रूरी है?'
टीम ए विषय के पक्ष में बोलेगी। वे पहले बोलेंगे।
A
टीम बी विषय के विपक्ष में बोलेगी। चलिए शुरू करते हैं!



फिर...
हमारी बढ़ती जनसंख्या के लिए बेहतर अधोसंरचना बहुत महत्वपूर्ण है। लोगों की सुख-सुविधा का ध्यान रखने के लिए पेड़ों को काटना कोई बहुत बड़ी कीमत नहीं है।
मानवता प्रकृति के कारण जीवित है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम पर्यावरण और हमारे साथ इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों का ध्यान रखें।
हमें बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़कें बनाने के लिए हमें पेड़ काटने होंगे। इससे कस्बे और गाँव उन्नत होंगे और अच्छी चिकित्सकीय सुविधाओं से जुड़ सकेंगे।






*छोटे पेड़ या झाड़ी जो समुद्र तट के कनिारे उगते हैं।


क्या किसी के पास कोई अच्छे आइडिया हैं?
हमें सोचना होगा।
समझ आ गया!!
हैं?
ऐसा लगता है कि टीम बी से कोई बोलना चाहता है।
एक ऐसी दुनिया की कल्पना कीजिए जिसमें कोई पेड़ नहीं हैं क्योंकि हमें रोड, बिल्डिंग और हाईवे बनाने हैं। तब न कोई ठंडी हवा होगी, न रंग-बिरंगे फूल, न पक्षियों का गाना, ना कोई गिलहरी न ही प्राकृतिक छाया। वो एक गर्म, धूलभरी और दुखी दुनिया होगी।
पेड़ देने के अलावा कुछ नहीं करते। वे हमारी और उनपर निर्भर सभी जीवों की चिन्ता करते हैं।


और बदले में वे कुछ नहीं माँगते। क्या हमें किसी जंगल में पेड़ों का रख-रखाव करना पड़ता है? नहीं। वे खुद अपना ध्यान रख लेते हैं। वे ऐसा निवेश हैं, जिसमें एक रुपया भी नहीं लगता।
इसलिए बेहतर अधोसंरचना के लिए पेड़ों को नहीं काटा जाना चाहिए। मुझे यकीन है हम उन्हें सजेहते हुए भी सड़कें बनाने का कोई न कोई रास्ता खोज लेंगे।
तब...
टीम बी, आपको वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता बनने पर बधाई!
तालियाँ...
तालियाँ...
तालियाँ...
तालियाँ...
मुकाबला कड़ा था, पर तुम्हारी टीम ने हमारा दिल जीत लिया।
विशेषकर तुम्हारे समापन तर्क ने, बिन्नी!


और फिर...
बधाइयाँ, टीम! मुझे पता था आप लोग हमारे स्कूल को गौरवान्वित करेंगे।
धन्यवाद, मैडम!
ये रहे तुम्हारे सर्टिफ़िकेट।
लड़कों, हम जीत गए हैं! तुम लोग निराश क्यों लग रहे हो?
हम... हमने आज तुम तीनों को मंच से बोलते सुना।
तुम कितनी आत्मविश्वास से भरी लग रही थीं।
धन्यवाद, तुम तीनों भी बहुत अच्छा बोले।
लेकिन बात वो नहीं है।
पहले तुम आत्मविश्वास से बोलने में घबराती थीं...


...लेकिन तुम्हारी मदद करने की जगह हमने तुम्हारा मज़ाक उड़ाया।
हमने ये तक कहा कि तुम नहीं कर पाओगी।
लेकिन तुमने हमें गलत साबित कर दिया।
विशेषकर तुमने, बिन्नी!
हाँ। दरअसल तुमने ही हमें विजयी अंक दिलवाया है।
और इस कारण हम माफ़ी माँगना चाहते हैं।
मैंने तुम्हारी सारी बातें सुनी।
क्या हम दुबारा दोस्त बन सकते हैं?
यह अच्छी बात है कि तुम लड़कों ने लड़कियों से माफ़ी माँग ली है। लड़कियों क्या तुम इन्हें माफ़ करती हो?
हम्म, क्या कहती हो, लड़कियों?


क्या कहती हो फ़रहीन?
मुझे नहीं पता।
ठीक है! हम तुम्हें माफ़ कर सकते हैं...
वाह!
...लेकिन एक शर्त पर।
क्या शर्त?
तुम लोगों को आज स्कूल के बाद हमारे साथ फुटबॉल खेलनी होगी!
ठीक है! तुम्हें हराकर हमें खुशी होगी। हेहे!



हमें हराने के प्रति इतने आश्वस्त मत रहो! हमने छुट्टियों में केवल सार्वजनिक रूप से बोलने का ही अभ्यास नहीं किया है।
सच में! तुमने गर्मियों में क्या किया था?
हमने एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण अभियान में भाग लिया। हमने वहाँ कई नए कौशल सीखे।
दोस्तों, इन्हें जेम के बारे में बताओ।
अब हममें उतना ही आत्मविश्वास है जितना किसी और में हो सकता है।
और अब हम अपने सपनों के बहुत पास हैं।
अच्छा, तो चलो आज तुम्हारा फुटबॉल का कौशल मैदान में देख लेते हैं।
हाँ, बिल्कुल!











GEM
GIRL EMPOWERMENT MISSION-2024


Celebrations
Celebrations
Celebrations


NTPC


GEM
मेजा ऊर्जा निगम (प्रा) लिमिटेड
बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024
आपका


classmate


एनटीपीसी NTPC
I LIGHT UP PEOPLE'S LIVES
THAT'S JUST ONE OF THE PERKS OF BEING AN NTPCian
THE SOLE INDIAN PSU ON
Forbes 2023
WORLD'S BEST EMPLOYERS
POWERED BY STATISTA
एनटीपीसी NTPC
NTPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)
Leading the Power Sector
Follow Us: www.ntpc.co.in /ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /Company/ntpc /ntpclimited

एनटीपीसी
NTPC

बेहतर बनने और सीखने की रोमांचक यात्रा पर निकली बिन्नी और उसकी सहेलियों से मिलिये। बिन्नी भारत के एक छोटे से शहर से है और वह कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती है। लेकिन वह डरी हुई है। क्या होगा अगर वह असफल हो गई? क्या होगा अगर वह भीड़ को संबोधित नहीं कर पाई? क्या होगा अगर वह अपनी राय नहीं बता पाई?

एनटीपीसी के गर्ल एम्पावरमेंट मिशन (बालिका सशक्तिकरण मिशन) में बिन्नी को अपने सपने पूरे करने का मौका मिलता है। इस पहल का उद्देश्य लड़कियों को आत्मविश्वास से पूर्ण और सर्वश्रेष्ठ बनने के विभिन्न तरीके प्रदान करना है। इसमें छात्राओं को खेल, संवाद करना, नेतृत्व करना, कला आदि जैसे कई कौशल सिखाए जाते हैं। उन्हें एक अलग ही दुनिया को देखने और उसमें अपनी जगह बनाने का मौका मिलता है।

भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी, किफ़ायती दरों पर, कुशलता से और पारिस्थितिक रूप से स्थायी बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने अथक परिश्रम वे यह सुनिश्चित करते हैं कि देश का हर कोना बिजली से जगमगाए।

जीईएम के रूप में, एनटीपीसी लड़कियों को उनके जीवन का सबसे बड़ा अवसर देकर वास्तविक परिवर्तन ला रहा है। तो बिन्नी के साहसिक अभियान में शामिल होने को तैयार हो जाइये!